दिन– शनिवार | दिनांक– 17 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | संपादक– कृष्ण कुमार लाल
अवधिः– 10 मिनट | टंकक– कुमार अभिषेक

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **खालिद रशीद** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनतीस मई को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। तीस मई को रोहतास के बिक्रमगंज में सभा को संबोधित करेंगे।

02. केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों में सात प्रतिनिधिमंडल भेजेगी।

03. चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज की। चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–बारिश से मौसम में हुआ बड़ा बदलाव। मौसम विभाग ने गोपालगंज, सीवान, अररिया, किशनगंज समेत कई जिलों में तेज बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनतीस मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री का एक दिवसीय दौरा होना था। लेकिन अब वे दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं।

———बाइट———

आगामी विधान सभा चुनाव और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के संदर्भ में प्रधानमंत्री का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि चौबीस अप्रैल को राज्य के झंझारपुर में आयोजित सभा में ही प्रधानमंत्री ने आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीस मई को बिक्रमगंज में आयोजित होने वाली सभा को लेकर रोहतास जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सभा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक निर्देश

दिए। इधर, पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। सासाराम के विभिन्न होटलों की जांच की जा रही है और इन होटलों में और होटलों में ठहरने वाले लोगों की पहचान सत्यापित की जा रही है।

——————————————————————

केंद्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण विभिन्न देशों के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों समेत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद, जदयू के संजय कुमार झा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल किए गए हैं। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

इस बहुदलीय शिष्टमंडल का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय सहमति और आतंकवाद से लड़ने के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण को विश्व के सामने रखना है। वे दुनिया को भारत का सख्त संदेश देंगे कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीति रखता है। इन सात शिष्टमंडलों का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जनता दल यूनाइटेड के संजय कुमार झा, द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करूणानिधि, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले और शिव सेवा के श्रीकांत एकनाथ शिंदे करेंगे। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बहुदलीय शिष्टमंडल के बारे में कहा है कि भारत के साझा संदेश को लेकर चलेंगे। जिसमें आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीति का संदेश होगा। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक मतभेदों से परे राष्ट्र एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। श्री रिजिजू ने कहा कि ऐसे क्षणों में सबसे ज्यादा मायने रखता है कि भारत एकजुट खड़ा होता है। वही कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पांच प्रमुख राजधानियों में बहुदलीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करने के लिए केंद्र द्वारा आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब भी राष्ट्रहित की बात होगी और उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी वह हमेशा उपलब्ध रहेंगे। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

——————————————————————

एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूर्गामी सोच है। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया को बताना है कि भारत आतंकवाद को लेकर क्या सोचता है। श्री प्रसाद ने कहा कि जिन सात प्रतिनिधिमंडलों का चयन किया गया है, उनमें विपक्ष के भी कई नेता हैं।

———बाइट———

——————————————————————

एक अन्य सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि देश के हितों को लेकर सभी राजनीतिक दल एकजुट हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि हम विभिन्न देशों के सामने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के रवैये का सच रखेंगे। श्री झा ने कहा कि पाकिस्तान जो भ्रम फैला रहा है, उसे भी समाप्त करेंगे।

———बाइट——

————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर अन्य देशों को जानकारी देने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पिछले कई दशकों से आतंकवादियों को संरक्षण देने का काम करता रहा है।

———बाइट———

————————————————————————————

जम्मू कश्मीर के करगिल में शहीद जवान नवादा के मनीष कुमार का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलिन हो गया। उनके पैतृक गांव पांडे गंगोट में पूरे सैनिक सम्मान के साथ आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व, पार्थिव शरीर नवादा पहुंचने पर लोगों की भीड अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। शहीद की अंतिम यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों लोग शामिल हुए।

————————————————————————————

गोपालगंज में एनडीए की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्थानीय सांसद और जदयू के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार सुमन ने यात्रा का नेतृत्व किया। इधर, कैमूर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला इकाई के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। इधर, मुंगेर में किला परिसर शहीद स्मारक चौक से विजय चौक तक भाजपा विधायक प्रणव कुमार यादव के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

————————————————————————————

निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने आज अपने बिहार दौरे के दूसरे दिन पूर्वी चंपारण जिले का फिल्ड विजिट किया। चुनाव आयुक्त ने मोतिहारी में ईवीएम के फर्स्ट लेवल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया देखी। उन्होंने पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी सौरव जोरवाल और अन्य अधिकारियों से जिले में चुनाव तैयारियों के बारे में जानकारी भी ली। इस दौरान बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल भी उपस्थित थे। डॉक्टर जोशी ने पश्चिमी चंपारण जिला

मुख्यालय बेतिया में अधिकारियों के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। निर्वाचन आयुक्त कल वाल्मीकिनगर में एसएसबी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

———————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पिछले दिनों पटना के बीएन कॉलेज में हुई हिंसक घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। श्री खां ने आज पटना विश्वविद्यालय के बीएन कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्यपाल ने विश्वास दिलाया है कि विश्वविद्यालय की शिक्षा उनकी प्राथमिकता और सीधी जिम्मेदारी है।

———बाइट———

गौरतलब है कि तेरह मई को बीएन कॉलेज परिसर में बमबाजी की घटना में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। बाद में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया है। कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश के कारण तापमान में कमी आई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में आंधी—बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। विभाग ने इस दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार जिले में कई स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

———————————————————————

सीवान जिले की स्थानीय अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ कुर्की जब्ती के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने वर्ष, दो हजार ग्यारह में महाराजगंज विधान सभा उप चुनाव के दौरान लालू प्रसाद के खिलाफ आचार संहिता

उल्लंघन के आरोपों को सही माना है। इस मामले की अगली सुनवाई तीस मई को होगी।

———————————————————————

समस्तीपुर जिला पुलिस ने सात मई को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीपुर में बैंक ऑफ महाराष्ट्रा की शाखा से करोड़ों के जेवरात लूटकांड मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनतीस मई को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। तीस मई को रोहतास के बिक्रमगंज में सभा को संबोधित करेंगे।

02. केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों में सात प्रतिनिधिमंडल भेजेगी।

03. चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज की। चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–बारिश से मौसम में हुआ बड़ा बदलाव। मौसम विभाग ने गोपालगंज, सीवान, अररिया, किशनगंज समेत कई जिलों में तेज बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।